मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–7, अंक–12, फरवरी 2008

किसी भी ट्रेड संबंधित जानकारी हेतु कृपया KAM टाइप कर 57333 पर एसएमएस करें।



## जम्मू के रिहायशी क्षेत्र की नई शान क्रीसेंट–II

**देश** के रियल एस्टेट सेक्टर में आए क्रांतिकारी परिवर्तन से धरती के जन्नत का दरवाजा कहलाए जाने वाले जम्मू शहर की कायापलट हो रही है। जम्मू–कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू के हर क्षेत्र में आधुनिकता का रंग चढ़ता जा रहा है, वजह है लोगों की दिन–ब–दिन बढ़ती आवश्यकताएं और साथ ही सरकार द्वारा उठाए जाने वाले विशेष कदम। जम्मू शहर के हाउंसिंग सेगमेंट की असीम संभावनाओं को देखते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपना ड्रीम प्रोजेक्ट कामधेनु होम्ज़ शुरू किया है जिसका पहला चरण जिरकपुर (हरियाणा) में अत्यधिक सफल रहा। अब इसका दूसरा चरण क्रीसेंट–II जम्मू में आरंभ हो रहा है। कामधेनु होम्ज़ के सपने को मूर्त रूप देने के लिए कंपनी ने मेसर्स महाजन कंस्ट्रक्शन कंपनी को अपने फ्रेंचाइजी सहयोगी के रूप में चुना है।

कामधेनु होम्ज़ के क्रीसेंट–II प्रोजेक्ट की विधिवत शुरूआत की घोषणा 21 जनवरी 2008 को जम्मू में की गयी। इस आधिकारिक उद्‌घाटन समारोह में कामधेनु होम्ज़ के श्री मोहन अग्रवाल के अलावा महाजन कंस्ट्रक्शन कंपनी के श्री कस्तूरी लाल महाजन, श्री अमित महाजन, श्री सुमित महाजन एवं कई अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे। श्री मोहन अग्रवाल ने बताया कि क्रीसेंट–II प्रोजेक्ट का सपना जम्मू के बहुत ही खासमखास लोकेशन में साकार होने जा रहा है। लगभग 160 फ्लैटों वाले इस प्रोजेक्ट की सेल्स वैल्यू करीब 45 करोड़ आँकी गयी है। यह प्रोजेक्ट उच्च मध्यमवर्गीय एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसके हर फ्लैट की कीमत 25 लाख से 30 लाख के बीच होगी।

क्रीसेंट–II जम्मू से अखनूर जाने वाली मुख्य सड़क पर स्थित है। इस प्रोजेक्ट को सुनियोजित रूप से ऐसी जगह पर तैयार किया गया है जो लगभग सरकारी मेडिकल कॉलेज से 2.5 किमी, सार्वजनिक बस अड्डे से 3.5 किमी, रेलवे स्टेशन से 6.4 किमी तथा एयरपोर्ट से 7.5 किमी दूर है। सभी तरह की आधुनिक सुविधाओं के साथ–साथ इन फ्लैटों की डिजाइनिंग बहुत ही सोच–समझकर की गई है। सभी फ्लैट कॉर्नर फ्लैट हैं। स्वतंत्र रूप से खड़ी अलग–अलग इमारत होने के कारण दिन भर सूरज की रोशनी मिलती है। पावर बैकअप, तीव्र गति से चलने वाली लिफ्ट्स, आर.ओ. सिस्टम जैसी विशेष सुविधाएं भी यहाँ मौजूद हैं।

कंपनी के सूत्रों का कहना है कि जम्मू की गिनती देश के टाईप–II शहरों में होती है और यह बहुत तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। हाउसिंग सेगमेंट में निवेश करने वालों एवं अपना घर खरीदने वालों के लिए विशेष रूप से यह जगह बहुत ही उत्तम है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के रूप में कामधेनु होम्ज़ ने हाउसिंग सेगमेंट में अपनी खास पहचान कायम कर ली है। आज यह जम्मू कश्मीर के साथ ही हरियाणा में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी है। मध्यमवर्गीय परिवारों की तेज रफ्तार से बढ़ती आमदनी एवं छोटे परिवारों की बढ़ती संख्या की वजह से हाउसिंग क्षेत्र काफी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। कामधेनु होम्ज़ के लिए यह एक अत्यंत सुनहरा मौका है कि अपनी साख कायम रखते हुए हाउसिंग सेगमेंट में उच्चतम मुकाम हासिल करें।

# पठानकोट में कामधेनु प्लाईवुड की कारपेंटर मीट

**कामधेनु** इस्पात लिमिटेड के बेहतरीन उत्पादों की कड़ी में कामधेनु प्लाईवुड के रूप में पठानकोट के लोगों को एक नया और भरोसेमंद प्रोडक्ट मिला है। पठानकोट में आयोजित पहली कारपेंटर मीट के दौरान 11 जनवरी 2008 को कामधेनु प्लाईवुड चर्चा का विषय बनी रही।

इस विशेष आयोजन में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के जीएम श्री वी.के. गहलोत के अलावा अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री गेहलोत ने कामधेनु प्लाईवुड की उपयोगिताओं एवं विशेषताओं के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दी। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के अन्य उत्पादों की तरह कामधेनु प्लाईवुड को भी लोगों ने पहली नजर में जमकर सराहा।


सम्मेलन में मौजूद कारपेंटरों ने श्री गहलोत एवं अन्य प्रतिभागियों से कामधेनु प्लाईवुड के बारे में कई अहम सवाल किए जिनका संतुष्टिपूर्ण जवाब दिया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में पठानकोट के प्लाईवुड डिस्ट्रीब्यूटर खोसला प्लाइवुड के श्री मुकेश खोसला, श्री राकेश खोसला, श्री जितेंद्र खोसला ने मिल–जुलकर बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान दिया। सम्मेलन का समापन सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ हुआ। इसके बाद सभी ने रात्री भोज का भरपूर लुत्फ उठाया, जिसमें कामधेनु प्लाईवुड की विशेषताओं पर खुलकर चर्चा हुई।




**कारपेंटर मीट के दौरानः खोसला प्लाईवुड के श्री मुकेश खोसला, श्री राकेश खोसला, श्री जितेंद्र खोसला एवं कामधेनु इस्पात लि. के जीएम श्री वी.के. गहलोत, के साथ अन्य गणमान्य**

# राजनीति की हवा से भड़की क्षेत्रवाद की आग

**मायानगरी** मुंबई की माया कुछ ऐसी है कि देश भर के लोग इसके आकर्षण से खिंचे चले आते हैं। लेकिन मुंबई की माया से बाहर निकलना कम ही लोग चाहते हैं। इस धारणा को राजनीति की हवा देकर क्षेत्रवाद की आग के हवाले करने की कोशिश सरेआम की गई। और यह चिंगारी अब महाराष्ट्र में फैल गई दिखती है। उत्तर भारतीय लोगों को खास तौर पर निशाना बनाए जाने के कारण हजारों की संख्या में लोग मुंबई छोड़कर अपने घरों को वापस लौट रहे हैं।



महाराष्ट्र नवनिर्माण पार्टी के नेता राज ठाकरे की राजनीतिक छवि चमक जरूर रही है, लेकिन जो सिलसिला यहाँ से शुरू हुआ है, अगर समय रहते इसपर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो यह नफरत की चिंगारी देश के कई हिस्सों में सुलग सकती है। और तो और प्रशासन भी हाथ पर हाथ धरे बैठा है। जब बात बढ़ती नजर आई तो राज ठाकरे की गिरफ्तारी का ड्रामा भी रचा गया जिसपर से तीन घंटे के अंदर पर्दा उठ गया। इस हरकत से यह भी साफ हो गया कि केवल राज ठाकरे ही नहीं, बल्कि अन्य राजनीतिक दल भी इस आग को और हवा देना चाहते हैं। मुलायम सिंह यादव, लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार जैसे नेताओं ने अपने–अपने प्रदेशों में महाराष्ट्र की घटनाओं का प्रतिरोध नहीं करने की मंशा जताकर एक सकारात्म राजनीतिक सोच का परिचय जरूर दिया हैं। ऐसे में महाराष्ट्र के नेताओं में भी इंसानियत की भावना जागृत हो, यह प्रार्थना पूरा देश कर रहा है।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ

श्री केके लोटा
**मेसर्स / श्री कृष्णा स्टील**
इंदिरा पार्क, दिल्ली
मो. 09810807412

श्री महेंद्र चावला
**मेसर्स / चावला इस्पात (प्रा.) लि.**
41, गल्ला मंडी, रूद्रपुर, उत्तराखण्ड
मो. 09927085680

### भूलसुधार

सर्वविदित हो कि इस्पात संदेश के जनवरी 2008 के हिंदी संस्करण में भूल वश श्री राकेश मिशरी जो कि जीएम का ओहदा संभालते हैं, को एजीएम लिख दिया गया है। हम इस भूल के लिए क्षमाप्रार्थी है।

# जल्द ही बाजार में होगा कामधेनु पीवीसी पाइप

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने पीवीसी पाइप के उत्पादन के क्षेत्र में विधिवत रूप से कदम रख दिया है। इसके लिए कंपनी ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में स्थित मेसर्स सूरज पॉलीमर्स के साथ क़रार किया है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल एवं मेसर्स सूरज पॉलीमर्स के निदेशक श्री राम. डी. तुप्तेवार के बीच हाल ही में इस क़रार से संबंधित सहमति पत्र का आदान–प्रदान हुआ। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल के साथ श्री सचिन अग्रवाल, निदेशक, श्री भाष्कर चौधरी, एजीएम, मार्केटिंग एवं सूरज पॉलीमर्स के श्री विश्वनाथ धनकोट भी मौजूद थे।

इस मौके पर अपनी बात रखते हुए श्री सतीश अग्रवाल ने कहा "हमने पीवीसी पाइप के उत्पादन के लिए सूरज पॉलीमर्स के साथ अपने फ्रेंचाइजी मॉडल के तहत क़रार किया है। नांदेड़ के इस प्लांट में आधुनिकतम तकनीक एवं पर्याप्त उत्पादन क्षमता मौजूद है। हमें पूरा विश्वास है कि इस यूनिट के जरिए हम महाराष्ट्र एवं इसके आस–पास के क्षेत्रों की पीवीसी पाइप की माँग को पूरा करने में सक्षम होंगे।"

अपनी 700 मैट्रिक टन प्रतिमाह की उत्पादन क्षमता के साथ यह यूनिट 20 एमएम से लेकर 250 एमएम तक के पीवीसी पाइप का उत्पादन करेगी। इस यूनिट के उत्पादों की कड़ी में रिजिड पीवीसी पाइप एवं फिटिंग, कास्टिंग पाइप, एसडब्ल्यूआर पाइप, एचडीजीई पाइप, एएसटीएम पाइप एवं स्प्रिंक्लर सिस्टम शामिल है। अपनी मजबूत क्षमता एवं हल्के वजन के कारण इन पीवीसी पाइपों को लाने–ले जाने एवं उपयोग करने में काफी सहूलियत होगी। इन्हें घरेलू एवं औद्योगिक जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है, एवं इसे उच्चतम गुणवत्ता के सभी मानदंडों पर परखा गया है। दबाव सहने की अधिकतम क्षमता, डाइमेंशनल क्षमता, नॉन टॉक्सीसिटी, हाई वेल यील्ड, धर्षण प्रतिरोधी क्षमता आदि विशिष्ट गुणों के कारण कामधेनु पीवीसी पाइप अत्यधिक सुरक्षित एवं सभी प्रकार के उपयोगों के लिए पूर्णतः भरोसेमंद है।

इन पीवीसी पाइपों को बहुउपयोगी कार्यों, जैसे – खेती के लिए सिंचाई के संसाधनों एवं बोरवेल, ग्रामीण एवं शहरी जल वितरण, रासायनिक कारखानों में रसायनों के औद्योगिक उपयोग, चीनी एवं डेयरी उत्पादों, ऊर्जा एवं संचार के लिए उपयोगी केबल की कवरिंग, खतरनाक गैसों, बायो गैस (गोबर गैस), प्राकृतिक गैस, ऑयल डिस्ट्रीब्यूशन, घरेलू वाटर सप्लाई एवं गंदे नालों के जल निष्कासन आदि कार्यों में इस्तेमाल किया जा सकता है।



**सहमति पत्र पर हस्ताक्षर के मौके पर कामधेनु इस्पात लि. के एजीएम मार्केटिंग श्री भाष्कर चौधरी, सूरज पॉलीमर्स के सेल्स मैनेजर श्री विश्वनाथ धनकोट, निदेशक श्री राम डी. तुप्तेवार, कामधेनु इस्पात लि. के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल एवं निदेशक श्री सचिन अग्रवाल**

# अलवर में कामधेनु प्लाईवुड की दस्तक



**कार्यक्रम के दौरानः कामधेनु इस्पात लि. के वीपी श्री अनिल टंडन, एजीएम श्री एच. एन. मोदी, कामधेनु प्लाईवुड राजस्थान के सीएनएफ श्री रघुवीर गुप्ता एवं डिस्ट्रीब्यूटर श्री गुरूचरण सिंह**

राजस्थान के अलवर में 16 जनवरी 2008 को एक कारपेंटर मीट आयोजित की गयी जिसमें कामधेनु प्लाईवुड को पहली बार यहाँ के लोगों के सामने पेश किया गया। इस सम्मेलन में लगभग 200 कारपेंटरों ने हिस्सा लिया और कामधेनु प्लाईवुड की विशेषताओं के बारे में अहम जानकारियाँ हासिल की।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के वीपी श्री अनिल टंडन ने इस अवसर पर कामधेनु प्लाईवुड की उपयोगिताओं से सभी को अवगत कराया और साथ ही यह भी बताया कि यह प्रोडक्ट कामधेनु के अन्य उत्पादों की तरह अत्यंत भरोसेमंद है। एजीएम श्री एच.एन. मोदी ने सम्मेलन में आए सभी लोगों से कामधेनु प्लाईवुड इस्तेमाल करने और अपने सगे–संबंधियों के बीच इसकी चर्चा करने की अपील की। मीटिंग में श्री नरेश शर्मा भी मौजूद थे। राजस्थान के सीएनएफ मेसर्स सालासर प्लाईवुड के श्री रघुवर गुप्ता एवं अलवर के प्लाईवुड डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स हिन्दुस्तान सेल्स के श्री गुरूचरण सिंह ने इस आयोजन को सफल बनाने में काफी अहम भूमिका निभायी। मीटिंग खत्म होने पर वहाँ आए सभी कारपेंटर कामधेनु प्लाईवुड की विशेषताओं पर चर्चा करते नजर आए। कारपेंटरो ने कामधेनु प्लाईवुड की गुणवत्ता एवं साइज पर अपने विचार व्यक्त किये और अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।

RNI. No.: DELHIN/2000/4125, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2006-08


# कामयाबी का नया रंग

# कामधेनु पेंट्स





**अपने** कारोबार को विविधता प्रदान करने के लक्ष्य के साथ कामधेनु इस्पात लिमिटेड पेंट्स के कारोबार में उतरने जा रही है। कंस्ट्रक्शन क्षेत्र की सभी जरूरतों को एक ही छत के नीचे पूरा करने के लक्ष्य की ओर कंपनी का यह एक और मजबूत कदम है। इसके लिए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। कामधेनु पेंट्स की विधिवत लांचिंग अप्रैल महीने में करने की योजना है। इसके लिए कंपनी राजस्थान के भिवाड़ी में स्थित चौपंकी में अपना आधुनिकतम प्लांट स्थापित कर रही है। इस प्लांट में कामधेनु पेंट्स के उत्पादन के लिए आवश्यक संयंत्रों की स्थापना कर इन्हें पूरी तरह सक्रिय बनाने का काम तेजी से चल रहा है। अपने नये प्रोडक्ट को लेकर कंपनी में खासा उत्साह है। इस प्लांट में साज–सज्जा एवं डिजाइन से संबंधित कई तरह के उत्पाद तैयार किए जाएंगे जिनमें रंग–रोगन, एमल्शन, एनामेल, डिस्टेंपर, प्राइमर, टैक्सचर्ड एवं डिजाइर फिनिशर्स, सहित कई अन्य उत्पाद शामिल हैं।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पादों की तरह ही कामधेनु पेंट्स के उत्पादों को भी देश के कोने–कोने में पहुँचाने की योजना है। भिवाड़ी में स्थित प्लांट में उत्पादन शुरू हो जाने के बाद पहले चरण में इसे पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश एवं उत्तरांचल के उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जाएगा। इसके लिए कंपनी अपने डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों के विस्तृत नेटवर्क का इस्तेमाल करेगी और नए डीलर भी बनाए जाएंगे। साथ ही कंपनी अपने मार्केटिंग नेटवर्क को और मजबूत करेगी ताकि कामधेनु पेंट्स की बिक्री एवं प्रचार पूरी तरह क्षमता के साथ किया जा सके। इस कार्य के लिए कंपनी पूर्णतः समर्पित एवं अनुभवी विक्रय प्रतिनिधियों की एक टीम तैयार करने में जुटी हुई है।

आँकड़े बताते हैं कि भारत में पेंट्स का पूरा कारोबार 20,000 करोड़ रुपये का है जिसमें 11,000 करोड़ संगठित क्षेत्र से जुड़ा है। पेंट्स का कारोबार प्रतिवर्ष 15–20 प्रतिशत की दर से बढ़ता जा रहा है।

अध्ययन बताते हैं कि पेंट्स के क्षेत्र में लोगों ने बड़ी तेजी से ग्लोबल ट्रेंड को अपनाना शुरू कर दिया है। अब वे अपने घरों में अपनी खास पसंद का रंग भरना चाहते हैं। रंगों का चयन करते वक्त अब हर कोई गहरी छानबीन करना चाहता है और केवल परिष्कृत रंगों का ही इस्तेमाल करना पसंद करता है। दूसरी ओर कॉरपोरेट हाउस, शॉपिंग मॉल आदि में खास रंगों एवं शेड का प्रयोग किया जा रहा है, ताकि लोग इनके आकर्षण से इनकी ओर खिंचे चले आएं।

इन सभी पहलुओं पर गौर करते हुए कंपनी अपने पेंट्स के कारोबार के लिए उच्चतम गुणवत्ता एवं अधिकतम सौंदर्य की कसौटी पर पूरी तरह खरे उत्पादों को बाजार में उतारने की तैयारी कर रही है।

कंपनी रिटेल एवं इंस्टीच्यूशन सेगमेंट में विस्तृत सम्पर्क रखने वाले सीएनएफ, डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों से इसके लिए जानकारी हेतु प्रस्ताव आमंत्रित करती है।

अधिक जानकारी के लिए कामधेनु के कॉरपोरेट ऑफिस में सम्पर्क करें –

द्वितीय तल, टावर–ए, बिल्डिंग
सं. 9, डीएलएफ, साइबर सिटी, फेज – 3
गुड़गाँव– 2, फोनः 0124 – 4604500,
फैक्सः 0124 – 4218524

आप हमें **paints@kamdhenuispat.com** पर ई–मेल भी कर सकते हैं अथवा **'KAM'** लिखकर 57333 पर **SMS** भी कर सकते हैं।

## एक मुलाकात



**श्री वी.के. श्रीवास्तव** कामधेनु इस्पात लिमिटेड के एक कर्मठ और एकनिष्ठ अधिकारी हैं, जिन्होंने कंपनी के फ्रेंचाइजी बिजनेस मॉडल को और बेहतर बनाने में बहुमूल्य योगदान दिया है। एजीएम, मार्केटिंग के पोस्ट को सुशोभित करते हुए, श्री श्रीवास्तव ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड के बिहार, झारखंड एवं पश्चिम बंगाल में फ्रेंचाइजियों को सुदृढ़ किया है। उनके उत्कृष्ठ योगदानों में कंपनी के विदेशी विस्तार में पड़ोसी देश नेपाल में फ्रेंचाइजी के जरिए कामधेनु ब्रांड टीएमटी की उपलब्धता उल्लेखनीय है। उन्हाने बिहार में कामधेनु वायरबांड के बाजार को बढ़ाया है। मूलतः राजस्थान के गुलाबी शहर जयपुर के निवासी श्री श्रीवास्तव अपने मिलनसार और जुझारू प्रकृति के लिए अपने सहयोगियों के लिए आदर्श है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्थान में अपने बेहतर योगदान के लिए श्री श्रीवास्तव को कंपनी ने अपनी 13वीं स्थापना दिवस पर **"बेस्ट इम्पलाई ऑफ इ इयर"** के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

Printed at Mehta Offset Pvt. Ltd., A-16 (East), Naraina-II, New Delhi

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13-I.P.Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13- I.P.Extn., Delhi 110092, Tel: 011-22781140-41, 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com